# त्वरित निवेश के तहत दो इकाइयों को एलओसी जारी करने पर सहमति

लखनऊ। शासन ने शासन ने कोविड काल में नया निवेश करने के लिए त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के तहत आगे आईं दो इकाइयों को निवेश से संबंधित लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी करने पर सहमति दे दी है। अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है।

## गोरखपुर व अमेठी में इकाई को जारी होगा लेटर ऑफ कंफर्ट

त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के तहत अंकुर उद्योग गोरखपुर में 444 करोड रुपए के निवेश से इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की स्थापना करने जा रहा है। इस परियोजना से 510 लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार ने वित्तीय सहायता से जुड़ी मांगों पर सहमति देते हुए लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने की सशर्त मंजूरी दे दी है। इसी तरह अमेठी में कनोडिया सेम कंपनी 2 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता की सीमेंट इकाई की स्थापना करेगी। इस इकाई को एलओसी जारी करने पर सहमति दे दी गई है।

## औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत इन मेगा इकाइयों को एलओसी व सुविधाएं

**सूर्या ग्लोबल फ्लैक्सी फिल्म्स :** यह यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अंतर्गत फ्लैक्सिबल फिल्म्स के उत्पादन के लिए दो चरणों में 953.29 करोड़ रुपये निवेश का प्रस्ताव किया है।

**सिल्वरटन पल्प एंड पेपर्स :** मुजफ्फरनगर में पूर्व स्थापित क्राफ्ट पेपर की इकाई में 170 करोड़ रुपये पूंजी निवेश कर दो चरणों में नए प्रोजेक्ट जोड़ने (विविधीकरण) का काम कर रही है। गैलेंट इस्पात गोरखपुर में 509.55 करोड़ रुपये का निवेश कर इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की स्थापना कर रही है। ब्यूरो